# मेरा जीवन संवर गया है मिले जबसे दीनानाथ भजन लिरिक्स

मेरा जीवन संवर गया है,
मिले जबसे दीनानाथ,
मेरी कुटिया में हुई,
खुशियों की बरसात।bd।

तर्ज – देना हो तो दीजिए।

---

खाटू आकर सांवरिये का,
मनभावन दीदार हुआ,
नैन मिले तो इश्क़ हुआ फिर,
दिल मेरा गुलजार हुआ,
अब होने लगी अँखियों में,
अब होने लगी अँखियों में,
मेरे दिल की सारी बात,
मेरी कुटिया में हुई,
खुशियों की बरसात।bd।

---

बिन बोले ही बाबा मेरा,
मन चाहा फल देता है,
मुझसे केवल भाव भजन की,
भेंट सांवरा लेता है,
होती है पलक झपकते,
होती है पलक झपकते,
इनकी तो करामात,
मेरी कुटिया में हुई,
खुशियों की बरसात।bd।

---

मैं तो मस्त फिरूं दुनिया में,
छोड़ी है दुनियादारी,
अपने भक्त का मान बढ़ाता,
खाटू वाला दातारि,
'चोखानी' भजले इनको,
'चोखानी' भजले इनको,
ये रहता हर पल साथ,
मेरी कुटिया में हुई,
खुशियों की बरसात।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरा जीवन संवर गया है,
मिले जबसे दीनानाथ,
मेरी कुटिया में हुई,
खुशियों की बरसात।bd।

**Singer – Pinki Mishra**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com